# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जगदलपुर जिला–बस्तर छ.ग.
## कलेक्टर एवं अध्यक्ष, उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति
## जिला–बस्तर छ.ग.

क्र0 / 1683 / उ0अं0मा0वि0 / 2023 जगदलपुर, दिनांक 03 / 03 / 2023

## (संशोधित)
## –:: वॉक–इन–इन्टरव्यू की सूचना ::–

लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. नया रायपुर के पत्र कमांक / स्वा.आ.अं.मा. / 2021–22 / 161 रायपुर दिनांक 10.05.2021 के अनुपालन में एवं समय–समय पर शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में बस्तर जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय **दरभा, तोकापाल, बास्तानार, बस्तर, करपावण्ड एवं लोहण्डीगुड़ा** तथा स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय **जगदलपुर** में नीचे दर्शित रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन निहित नियम एवं शर्तो के अन्तर्गत पदवार निर्धारित तिथियों में **दिनांक 12 / 03 / 2023 एवं दिनॉक 13 / 03 / 2023** को **पूर्वान्ह 10:30 बजे** से **अशासकीय निर्मल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जगदलपुर** में किया जावेगा। साक्षात्कार हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी संलग्न निर्धारित प्रारूप में अपने भरे हुए आवेदन पत्र व मूल प्रमाण पत्र एवं अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित वॉक–इन–इन्टरव्यू तिथि एवं समय में आयोजन स्थल में उपस्थित होवें। **स्पीड पोस्ट, रजिस्टर डाक, साधारण पोस्ट या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** रिक्त पदों का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र | पद का नाम | एकमुश्त मासिक वेतन | रिक्त पदों की संख्या व वर्गवार विवरण | शैक्षणिक व अन्य आवश्यक योग्यताएं | वॉक–इन–इन्टर व्यू हेतु निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | संविदा सहायक शिक्षक कला | 25300 / – | अजजा 03<br>अनारक्षित 04 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में कला / वाणिज्य विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड. / डी. एल.एड. / बी.एड. | 12 / 03 / 2023 |
| 2 | संविदा सहायक शिक्षक विज्ञान | 25300 / – | अजजा 06 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान / गणित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड. / डी. एल.एड. / बी.एड. | 12 / 03 / 2023 |
| 3 | संविदा प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला | 38100 / – | अनारक्षित 01 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर एवं बी.एड. प्रशिक्षित तथा किसी शासकीय / अनुदान प्राप्त / अशासकीय मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम के माध्यमिक विद्यालय में लगातार 05 वर्षो के अध्यापन कार्य का अनुभव | 12 / 03 / 2023 |
| 4 | संविदा शिक्षक गणित | 35400 / – | अनारक्षित 02 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में गणित विषय व इंजिनिरिंग में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित | 12 / 03 / 2023 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | संविदा शिक्षक विज्ञान | 35400/– | अनारक्षित 02 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित | 12/03/2023 |
| 6 | संविदा व्याख्याता वाणिज्य | 38100/– | अनारक्षित 01 अजजा 01 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में वाणिज्य विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित | 13/03/2023 |
| 7 | संविदा व्याख्याता जीव विज्ञान | 38100/– | अनारक्षित 02 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में जीव विज्ञान विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं समकक्ष एवं बी.एड. प्रशिक्षित | 13/03/2023 |
| 8 | संविदा व्याख्याता गणित | 38100/– | अनारक्षित 01 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में गणित विषय व समकक्ष में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी.एड. प्रशिक्षित | 13/03/2023 |
| 9 | संविदा व्याख्याता अंग्रेजी | 38100/– | अनारक्षित 01 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी माध्यम में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि एवं बी. एड. प्रशिक्षित | 13/03/2023 |
| 10 | संविदा प्रयोगशाला सहायक | 25300/– | अनारक्षित 02 अजजा 02 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से विज्ञान/गणित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ उच्चत्तर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण | 13/03/2023 |

## वॉक–इन–इन्टरव्यु हेतु नियम व शर्तें :–

1. संविदा नियुक्ति छ.ग. शासन द्वारा जारी नवीन प्रचलित संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अधीन होगी।
2. आवेदकों द्वारा अपनी संपूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से मान्यता प्राप्त बोर्ड, विद्यालय/महाविद्यालय से पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा।
3. संविदा सहायक शिक्षक कला पद हेतु अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषयों में 50 प्रतिशत अंकों के साथ कला/वाणिज्य विषय में उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड. /डी.एल.एड./बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
4. संविदा सहायक शिक्षक विज्ञान पद हेतु अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम में संबंधित विषयों में 50 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान/गणित विषय में उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं डी.एड. /डी.एल.एड./बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
5. संविदा प्रधान अध्यापक माध्यमिक विद्यालय पद हेतु अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी एवं स्नातकोत्तर परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना तथा बी०एड० की उपाधि के साथ–साथ मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में लगातार 05 वर्ष अध्यापन कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है।
6. विज्ञापित संविदा शिक्षक (गणित/विज्ञान) पद हेतु अभ्यर्थी को अंग्रेजी माध्यम से संबंधित विषय में हायर सेकेण्डरी एवं स्नातक परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना तथा बी०एड० की उपाधि होना अनिवार्य है।

7. विज्ञापित संविदा व्याख्याता (वाणिज्य / जीव विज्ञान / गणित / अंग्रेजी) पद हेतु अभ्यर्थी को अंग्रेजी माध्यम से संबंधित विषय में हायर सेकेण्डरी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर एवं समक्षक परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण तथा बी0एड0 की उपाधि होना अनिवार्य है।
8. संविदा प्रयोगशाला सहायक विज्ञान के पद हेतु अभ्यर्थी को विज्ञान / गणित विषय में मान्यता प्राप्त बोर्ड से अंग्रेजी माध्यम से 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
9. निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छानबीन उपरान्त अभ्यर्थियों की सूची दावा आपत्ति के लिए वॉक–इन–इन्टरव्यू दिनांक को ही सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी ।
10. निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को स्व–प्रमाणित किया जाना अनिवार्य होगा।
11. वॉक–इन–इन्टरव्यू दिनांक तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ ही मान्य होंगी।
12. छ0ग0 के मूल निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 की स्थिति में की जावेगी। आयु की पुष्टि हेतु 10वीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अधिकतम आयु सीमा में शासन के नियमानुसार छुट का प्रावधान लागू होगा।
15. संविदा नियुक्ति 01 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि आगामी वर्ष के लिए निरन्तर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
16. पद से त्यागपत्र दिये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी को 03 माह का मानदेय जमा करना आवश्यक होगा।
17. विज्ञापन पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
18. संविदा शिक्षकों को सीधी भर्ती द्वारा नियमित शिक्षकों की नियुक्ति में कोई दावेदारी नहीं होगी।
19. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
20. उपर्युक्त पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में शैक्षणिक योग्यता एवं आयुसीमा में समिति की अनुशंसा के आधार पर शिथिलता प्रदान की जा सकेगी।
21. निर्धारित तिथि **दिनांक 12/03/2023 से दिनांक 13/03/2023 को आयोजित वॉक–इन–इन्टरव्यू** के माध्यम से रिक्त पदों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में आगामी तिथि एवं समय में पुनः वॉक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन किया जावेगा, जिसकी सूचना पृथक् से जिला बस्तर के शासकीय एन.आई.सी. वेब पोर्टल (bastar.gov.in) पर जारी की जावेगी एवं इस हेतु प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की जावेगी ।

संविदा भर्ती में किसी भी प्रकार के आपत्ति / विवाद का निराकरण कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष स्वामी आत्मानन्द शास.उ.मा.उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आ.उ.अं.मा.वि. संचालन समिति**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर छ.ग.**

पृ0क्र0 / 1684 उ0अं0मा0वि0 / 2023 जगदलपुर, दिनांक 03 / 03 / 2023

प्रतिलिपि :–

1–संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2–मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, जिला–बस्तर।
3–संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, बस्तर संभाग, जगदलपुर जिला बस्तर ।
4–जिला जनसंपर्क कार्यालय, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. को समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
6–जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), कार्यालय कलेक्टर जिला–बस्तर की ओर bastar.gov.in में अपलोड करने हेतु।

**कलेक्टर एवं अध्यक्ष**
**स्वामी आ.उ.अं.मा.वि. संचालन समिति**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर छ.ग.**